# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 23.08.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

**मुख्य समाचार :–**

1. राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– अंतरिक्ष क्षेत्र में अत्याधुनिक तकनीकों के साथ तेज़ी से आगे बढ़ रहा है भारत : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी वैज्ञानिकों का किया अभिनंदन।
2. लखनऊ के रहने वाले भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के 25 अगस्त को राजधानी आगमन पर किए गए खास इंतजाम : 60 हजार से ज्यादा स्कूली बच्चे करेंगे स्वागत।
3. मुख्यमंत्री आज लखनऊ में उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा संघ के 42वें अधिवेशन में हुए शामिल : कहा– सुशासन का लक्ष्य हासिल करने के लिए न्यायिक व्यवस्था हो सुगम, त्वरित और सुलभ।

और

4. प्रदेश में रुक–रुक कर बारिश का सिलसिला जारी : गंगा और घाघरा नदी खतरे के निशान से ऊपर, मौसम विभाग न आगामी 24 घंटों में राज्य के अधिकांश जिलों में भारी वर्षा का जताया अनुमान।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत सेमी क्रायोजेनिक इंजन और इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन जैसी उन्नत टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ रहा है और शीघ्र ही गगनयान मिशन की शुरूआत करेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि आने वाले समय मं भारत अपना अंतरिक्ष स्टेशन बनायेगा। एक वीडियो संदेश में श्री मोदी ने राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर वैज्ञानिकों और सभी युवाओं सहित अंतरिक्ष क्षेत्र से जुडे हर व्यक्ति को बधाई दी।

*आप सभी को नेशनल स्पेस डे की बहुत–बहुत शुभकामनाएं। इस बार स्पेस डे की थीम है–आर्यभट्ट से गगनयान तक। इसमें अतीत का आत्मविश्वास भी है, और भविष्य का संकल्प भी है। नेशनल स्पेस डे हमारे युवाओं में उत्साह और आकर्षण का अवसर बन गया है।*

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर सभी को बधाई दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री योगी ने कहा कि 'राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस' के अवसर पर उन महान भारतीय वैज्ञानिकां का अभिनंदन, जिनकी साधना, अथक परिश्रम और अद्‌भुत प्रतिभा ने 'नए भारत' को अंतरिक्ष के शिखर पर स्थापित किया है।

———————

ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर आज नई दिल्ली के नेहरू तारा मंडल में आर्यभट्ट दीर्घा का उद्‌घाटन किया। ग्रुप कैप्टन शुक्ला ने मीडिया से बात करते हुए इसे गौरव का क्षण बताया और

कहा कि यह देश के लिए स्वर्णिम समय है। उन्होंने युवा पीढ़ी से कहा कि अपने सपनों को पूरा करने के लिए जिज्ञासा पैदा करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि देश के बड़े महत्वकांक्षी सपने हैं और इससे सपनों को हकीकत में बदलने में मदद मिलेगी।

———————

लखनऊ निवासी भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला अपनी ऐतिहासिक अन्तरिक्ष यात्रा से लौटने के बाद पहली बार 25 अगस्त को लखनऊ आ रहे हैं। इस अवसर पर उनके स्वागत के लिए खास इंतजाम किए गए हैं। पेश है एक रिपोर्ट...

*लखनऊ पहुंचने पर लगभग 63000 स्कूली बच्चे अपने अग्रज शुभांशु का अभूतपूर्व स्वागत करने के लिए तत्पर हैं। सोमवार को सुबह शुभांशु शुक्ला खुली जीप में लखनऊ के जनमानस का अभिवादन स्वीकार करते हुए एअरपोर्ट से सी.एम.एस. गोमती नगर विस्तार कैम्पस तक जायेंगे, जहाँ सी.एम.एस. छात्र विशाल मार्च निकालकर उन्हें सैल्यूट करेंगे और इसके उपरान्त शुभांशु के सम्मान में स्वागत समारोह आयोजित किया जायेगा। शुभांशु शुक्ला बच्चों से संवाद करेंगे और उनकी जिज्ञासाओं को शांत करेंगे। आयोजन से जुड़े हुए सभी पक्ष तैयारी को अंतिम रूप देने में लगे हुए हैं। मुमताज अली आकाशवाणी समाचार लखनऊ।*

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज लखनऊ में उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा संघ के 42वें अधिवेशन में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सुशासन का लक्ष्य तभी प्राप्त हो सकता है, जब हमारी न्यायिक व्यवस्था सुगम, त्वरित और सुलभ हो। उन्होंने कहा

कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए विकसित उत्तर प्रदेश का निर्माण आवश्यक है और इसके लिए एक मजबूत और त्वरित न्यायिक व्यवस्था अनिवार्य है।

बाइट...

विकसित भारत कैसा होगा इसकी शुरुआत हमें अपनी इकाई से प्रारंभ करना होगा हम राज्य में कार्यकर रहे हैं तो विकसित भारत का विकसित उत्तर प्रदेश हम लोग जनपद में कार्य कर रहेहैं तो विकसित उत्तर प्रदेश का विकसित जनपद हम जिस क्षेत्र में काम कर रहे हैं उन क्षेत्रों में केवल विकास की इकाई आर्थिक क्षेत्र में नहीं बल्कि समग्रता को लेकर के जब चलेगी वह समग्रता सब की खुशहाली का कारण बनेगा सब की संमृद्धि का कारण बनेगा और उसका रास्ता प्रारम्भ होता है एक सुदृढ़ न्यायिक व्यवस्था से।

———————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर के मानबेला में कल्याण मण्डपम का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गोरखपुर में तेजी से विकास के साथ पर्यटन के भी अवसर उपलब्ध हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कनेक्टिविटी बेहतर हुई है।

———————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने संसद द्वारा पारित ऑनलाइन गेमिंग विनियमन विधेयक आयकर अधिनियम–2025 को मंजूरी दे दी है। यह अधिनियम ई–स्पोर्ट्स और ऑनलाइन सोशल गेम्स को प्रोत्साहित करेगा। साथ ही, समाज को ऑनलाइन मनी गेम्स के हानिकारक प्रभावों से भी सुरक्षित करेगा। लखनऊ के किंग जॉर्ज मेडिकल युनिवर्सिटी के मनोचिकित्सक डॉ अमित सिंह ने बताया कि ऑनलाइन मनी

गेमिंग के कारण तनाव, अवसाद और आत्महत्या का प्रयास करने वाले मरीज़ों की संख्या में पिछले कुछ महीनों में तेज़ी से इज़ाफा हुआ है। बाइट...

*ऑनलाइन गेमिंग के कैसेस अक्सर देखने को हमें मिल रहे हैं और जो लोग पैसे लूज कर रहे हैं, स्ट्रेस तो एक्सपेक्टेड है, लेकिन ये सिर्फ स्ट्रेस तक नहीं है, सीवीयरटी इतनी अधिक है, लोग इसकी वजह से डिप्रेशन डबलप कर रहे हैं, और कई सारे केसेज़ में, सुसाइडेलिटी हमें देखने को भी मिल जाती है।*

————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————

केंद्रीय मंत्री और अपना दल–एस की अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल नें आज अयोध्या में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि गृहमंत्री अमित शाह द्वारा लोकसभा में पेश किया गया 130वां संविधान संशोधन विधेयक नैतिकता की राजनीति की दिशा में एक बहुत बड़ा कदम है। बाइट...

*130 संविधान संशोधन विधेयक जो है इस बार जो है माननीय गृहमंत्री जी ने प्रस्तुत किया जो हमारा मॉनसून सत्र अभी 21 को स्थगित हुआ उस सत्र के दौरान और मैं समझती हूँ कि नैतिकता की राजनीती की दिशा में ये संविधान संशोधन विधेयक जो लाया गया है ये बहुत बड़ा कदम है क्योंकि सरकार में*

*सुचिता हो, सरकार में पारदर्शिता हो, सरकार में जवाबदेही हो, ये हमारी मंशा है, हमारे एनडीए गठबंधन की।*

————————

**प्रदेश के श्रम और सेवायोजन मंत्री तथा सिद्धार्थनगर जनपद के प्रभारी मंत्री अनिल राजभर की अध्यक्षता में आज जिले की समीक्षा बैठक हुई। डुमरियागंज के सांसद जगदम्बिका पाल भी बैठक में मौजूद थे। इस दौरान पांच करोड़ से ऊपर की लागत की परियोजनाओं की समीक्षा की गइ।**

————————

**प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री तथा जनपद वाराणसी के प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना की अध्यक्षता में आज काशी में गतिमान विभिन्न परियोजनाओं तथा प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर अथव्यवस्था बनाने में जिले के योगदान को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित हुई। पेश है एक रिपोर्ट...**

*समीक्षा बैठक में प्रभारी मंत्री श्री खन्ना ने कृषि एवं सम्बद्ध क्षेत्रों की जीडीपी में योगदान को गुणात्मक रूप से बढ़ाने हेतु जोर दिया। उन्होंने जनपद के वर्तमान आंकड़ों में तीन गुना बढ़ोत्तरी करने पर जोर दिया। उन्होंने अर्थव्यवस्था को गति देने हेतु तात्कालिक एवं दीर्घकालिक लक्ष्य तैयार करने तथा माइक्रोप्लानिंग कर कृषि एवं आनुषंगिक क्षेत्रों पर फोकस करने के निर्देश भी दिये। बैठक में जिले के धार्मिक, पर्यटन और विकास संबंधी अन्य कार्यों के लिए काशी से सांसद और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया गया। मनीष कुमार, आकाशवाणी समाचार, वाराणसी।*

————————

**मथुरा में 30 और 31 अगस्त को राधाष्टमी महोत्सव मनाया जाएगा। इसी क्रम में तैयारियों की समीक्षा के लिए**

जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह ने संबधित अधिकारियों के साथ बैठक की। ज़िलाधिकारी ने बताया कि महोत्सव के लिए सभी तैयारियां पूरी की जा रही है। बाइट...

*अच्छी व्यवस्था हो, खुब साफ सफाई हो, जो श्रद्धालु बाहर से आएं उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो, पार्किंग की प्रापर व्यवस्था हो, लाइटिंग की प्रापर व्यवस्था हो, सफाई की प्रापर व्यवस्था हो, पीने के पानी का समुचित उपलब्धता हो, ट्वायलेट हो ये सारी विभागवार समीक्षा की गयी है। दर्शन का क्या समय होगा, उसमे और क्या बेहतरी बढ़ोत्तरी की जा सकती है। जो सभी सेवायत्त परिवार जो मंदिर का प्रशासन है और पूरी टीम के साथ बैठक की गयी है।*

———————————

प्रदेश में रुक–रुक कर बारिश का सिलसिला जारी है। बारिश और बांधों से पानी छोड़ जाने के कारण बदायूं और फर्रूखाबाद में गंगा, बाराबंकी और बलिया में घाघरा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। राज्य के 15 जनपदों में करीब ढाई लाख की आबादी बाढ़ से प्रभावित है। प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने आज अयोध्या में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि सरकार और प्रशासन की तरफ से बाढ़ क्षेत्रों की निगरानी की जा रही है। मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों में प्रदेश के अधिकांश जिलों में भारी वर्षा का अनुमान जताया है।

———————————